मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–11, अंक–12, फरवरी 2011

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु परिवार का उसके विक्रेताओं को तोहफ़ा

### कामधेनु डीलर्स टीम ने किया हैदराबाद का दौरा




कामधेनु पेंट्स ना सिर्फ अपने ग्राहकों का बल्कि अपने डीलर्स का भी विशेष खयाल रखती है। कंपनी अपने गाजियाबाद, हल्द्वानी, देहरादून, जम्मू, रायपुर और हनुमानगढ़ क्षेत्र के डीलर्स को 8 से 10 फरवरी के दौरान हैदराबाद स्थित रामोजी फिल्म सिटी की यात्रा पर लेकर गई। कंपनी के मार्केटिंग हेड श्री राजकुमार श्रीवास्तव भी यात्रा समूह के साथ कंपनी के प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद थे। इस यात्रा का प्राथमिक उद्देश्य डीलर्स को कुछ आराम भरे पल मुहैया कराकर उन्हें कंपनी के नए उत्पादों के विषय में जानकारी देना था।

कंपनी ने पिछले दो वर्षों में प्राप्त की गई उपलब्धियों के बारे में भी डीलरों को जानकारी दी। कंपनी की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने कहा, "कामधेनु पेंट्स को लाँच हुए अभी सिर्फ दो वर्ष ही हुए हैं लेकिन दो वर्षों का हमारा सफर उपलब्धियों से भरा रहा है। इन्हीं उपलब्धियों के कारण आज हम पेंट व्यवसाय के क्षेत्र में देश की प्रथम दस कंपनियों में गिने जाने लगे हैं। इस सफलता का श्रेय हमारे बेहतरीन उत्पाद **Colour Dreamz** *Dil Ke Rang Deewaron Pe* और कंपनी को अपने डीलरों से मिल रहे प्रभावी सहयोग को जाता है। कंपनी डीलरों के अच्छे प्रदर्शन के चलते पिछले 15 महीनों में 18 डीलरों को पुरस्कार स्वरूप कार भी प्रदान कर चुकी है।"

डीलर्स के परिवारों के लिए यह एक यादगार टूर था। इस टूर में सभी सदस्यों ने रामोजी फिल्म सिटी का दौरा किया जो हिंदी फिल्मों की शूटिंग के लिए काफी मशहूर है। इस टूर का खास आकर्षण का केन्द्र रहा "स्नो वर्ल्ड" जहाँ हैदराबाद आया प्रत्येक सैलानी जरुर जाता है। स्नो वर्ल्ड के एक हॉल में कृत्रिम बर्फ बनाई गई है जहाँ तापमान सदैव -4 डिग्री रहता है। यहाँ की कृत्रिम बर्फ़बारी यहाँ आए प्रत्येक सैलानी को श्रीनगर एवं मसूरी की प्राकृतिक बर्फ़बारी से अवगत कराती है।

हॉल में प्रतिदिन एक घंटे तक चलने वाली बर्फ़बारी को देख कामधेनु के सभी डीलर्स एवं उनके परिवारजन उल्लासित हुए। उन्होनें मन मोह लेने वाला ऐसा नज़ारा पहले कभी नहीं देखा था। साथ ही उनहोनें यहाँ पर "स्नो स्लाइड", "मेरी गो राउन्ड" और "आइस बम्बर" कार की सवारी का भी आनन्द लिया। बच्चों के लिए खास "आइस कार्विंग" भी उपलब्ध है। यह यात्रा कामधेनु पेंट्स और उसके विक्रेताओं के रिश्ते के लिए मील का पत्थर साबित होगी। 10 फरवरी को यह टूर समाप्त हुआ लेकिन इसकी यादें सभी सदस्यों के मन में हमेशा जीवित रहेंगी।






## वर्ल्ड कप का शानदार आग़ाज़

भारत 2011 क्रिकेट वर्ल्ड कप की संयुक्त रुप से मेजबानी कर रहा है। वर्ल्ड कप के आग़ाज़ के साथ ही भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के दिल में 1983 की जीत की ऐतिहासिक याद फिर से ताज़ा हो चली है। अब महेन्द्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली टीम को 28 साल का सपना फिर दोहराने का सुनहरा अवसर मिला है। पिछले दो सालों से भारतीय टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है और विश्व क्रिकेट के महान दिग्गज भी इस बार भारतीय टीम को वर्ल्ड कप का सबसे मजबूत दावेदार मानते हैं।

## सीताराम जिंदल समूह के द्वारा भारत की सबसे बड़ी पुरस्कार योजना की घोषणा



भारत के सीताराम जिंदल समूह ने समाज के प्रति कर्मठ लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए फरवरी में 5 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की है। यह राशि विज्ञान, तकनीक, शाँति, सामाजिक सद्भाव और सामाजिक विकास के वर्ग में आबंटित की जाएगी। प्रत्येक वर्ग के लिए 1 करोड़ रुपए की राशि सुनिश्चित की गई है। यह घोषणा कंपनी के प्रमुख अध्यक्ष डॉ० सीताराम जिंदल ने नई दिल्ली में की। जिंदल समूह का लक्ष्य भारत में ऐसे लोगों की तलाश करना है जिन्होनें अपना पूरा जीवन कर्म और समर्पण के साथ समाज के विकास में बिता दिया।

# सूरजकुण्ड मेले का भव्य आयोजन

अद्भुत, विलक्षण, शानदार! दिल्ली से थोड़ी दूर फरीदाबाद में आयोजित हुए 25वें सूरजकुण्ड हस्तशिल्प मेला 2011 को देखकर आपके मुँह से यही शब्द निकलेंगे। इस मेले की खासियत इसके हस्तनिर्मित कपड़े, खिलौने और अपने अनोखी खुशबू और स्वाद वाला भारतीय भोजन था। जैसे ही सर्द मौसम बसन्त ऋतु में बदलता है, करीब 400 पुरस्कृत हस्तशिल्पियों का काफिला देश के हर कोने से सूरजकुण्ड मेले की ओर रूख करता है। इस बार मेले में सार्क देशों से भी हस्तशिल्पी आये थे। इस 25वें सूरजकुण्ड मेले का सहयोगी उजबेकिस्तान था जो पहले सोवियत रूस का हिस्सा था लेकिन अब मध्य एशिया का स्वतंत्र देश है।

इस बार मेले में आंध्रप्रदेश राज्य को ध्यान में रखकर कलाकृतियाँ बनायी गयी थीं। मेले में शिलपियों द्वारा बनाये गए सुन्दर नमूने हर उम्र के वर्गो द्वारा सराहे गये।

सूरजकुण्ड का यह मेला आपको मनोरंजन, खुशी और अनोखी दुकानदारी का मौका देता है। 400 से भी ज्यादा देश के



चुनिंदा शिल्पियों द्वारा बनायी गयी कलाकृतियों ने यहाँ आने वालों का मन मोह लिया। साथ ही देश के विभिन्न जगहों से आए लोगों के लोकनृत्यों ने इस मेले को अपने आप में अनूठा बना दिया। इस मेले में आने वाले दर्शकों और खरीदारों के मन में मेले की खूबसूरती और यादें हमेशा के लिये बस जाती हैं।

इस मेले में भारतीय और सार्क देशों के भोजनों के लिए अलग–अलग पंडाल भी बनाए गए। कुछ मनोरंजक झूले और सर्कस एम्यूजमेन्ट पार्क में थे जिनका आनंद प्रत्येक दर्शक ने लिया। सूरजकुण्ड का यह मेला आज हमारे देश की सभ्यता की पहचान बन हम सब के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ देता है।

# कामधेनु ने लिया नव–भारत के निर्माण का संकल्प

**देश का 62वाँ गणतंत्र दिवस बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया**



कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपने निर्माण और आधारभूत संबंधी उत्पाद की उत्तम गुणवत्ता से नवयुग भारत के विकास में सदैव योगदान करती रही है। भारत की संरचना को मजबूती देने का इरादा ही कंपनी को नए और उत्कृष्ट उत्पाद विकसित करने की प्रेरणा देता है। साथ ही उसके सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स उसके कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। देश के 62वें गणतंत्र दिवस की संध्या पर ली मरीडियन होटल, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में यही भावना प्रदर्शित हुई। यह कार्यक्रम भारत स्टील के श्री सतीश गर्ग ने कामधेनु के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के सम्मान में आयोजित किया। कामधेनु समूह के सभी माननीय अधिकारी जैसे श्री सतीश अग्रवाल, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, कामधेनु इस्पात लिमिटेड, श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल और श्री सचिन अग्रवाल, डायरेक्टर्स, कामधेनु इस्पात लिमिटेड, श्री राजीव शर्मा, वरिष्ठ जी.एम., श्री अमित सोनी, ए.जी.एम. ब्रांड प्रमोशन और श्री चंदन गोस्वामी, वरिष्ठ मैनेजर ब्रांड प्रमोशन, इस समारोह में उपस्थित थे।

कंपनी से जुड़े हुए फ्रेंचाइजी श्री मुन्ना राठी, श्री मुकेश राठी और श्री प्रतीक राठी, डायरेक्टर्स ग्रोवर स्टील रोलिंग मिल्स,



श्री राजकुमार गर्ग, डायरेक्टर एडवान्स इम्पेक्स प्रा. लिमिटेड और श्री नरेश जैन, श्री नीरज जैन और श्री पुनीत जैन, डायरेक्टर्स आशियाना इस्पात लिमिटेड, जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

आयोजन में इस बात का पूरा खयाल रखा गया की कामधेनु इस्पात लिमिटेड के दिल्ली और हरियाणा क्षेत्र के सभी वितरक भी इस समारोह में अपने परिवारों के साथ आमंत्रित किए जाएं। कार्यक्रम के दौरान श्री राजन दुआ, श्री राजीव गर्ग, श्री अनिल गुलशन, श्री राजेन्द्र गर्ग और श्री संजय जैन ने अपने अमूल्य अनुभव भी बाँटे।

समारोह की शुरूआत सभी वितरकों और उनके परिवारों के औपचारिक परिचय से हुई। इसके बाद कामधेनु इस्पात लिमिटेड के विकास में अतुलनीय योगदान के लिये सभी डायरेक्टर्स को 'शॉल' देकर सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत में श्री सतीश अग्रवाल ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा "चाहे बात उच्च क्वालिटी उत्पादों के निर्माण की हो या हज़ारों नौकरियाँ उत्पन्न करने की, कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने हमेशा देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इतना ही नहीं, हम अपनी सामाजिक संस्था कामधेनु जीवनधारा द्वारा समाज में पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए शिक्षा भी सुनिश्चित करते हैं। इस देश को बेहतर बनाना हमारा उद्देश्य ही नहीं संकल्प भी है।"

लम्बे समय तक चले इस कार्यक्रम में अनेक मनोरंजक खेल जैसे तम्बोला ने सभी मौजूद मेहमानों का मन मोह लिया। समारोह के समापन पर सभी वितरकों को एक स्मारिका भेंट की गयी।

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-11



# कामधेनु के कॉर्पोरेट ऑफिस में क्वालिटी विभाग का अधिवेशन

**नई तकनीक एवं उत्कृष्ट उत्पाद क्वालिटी पर हुआ विचार–विमर्श**



कामधेनु इस्पात की अनुकरणीय सफलता के बहुत से कारकों में उसकी उच्च उत्पाद गुणवत्ता एक महत्वपूर्ण कारक है। अपनी उच्च उत्पादक गुणवत्ता के मानकों का पालन करते हुए कम्पनी हमेशा ऊँची गुणवत्ता के उत्पाद बनाने की कोशिश करती है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुये क्वालिटी विभाग की दो दिन की कार्यशाला 27 और 28 जनवरी, 2011 कामधेनु इस्पात लिमिटेड की कॉर्पोरेट शाखा, गुड़गाँव में सम्पन्न हुई। अधिवेशन का उद्देश्य क्वालिटी विभाग के कर्मचारियों को प्रेरित करना और उनको रोलिंग मिल्स की अत्याधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण देना था। कम्पनी के तकनीक विशेषज्ञ इस अवसर पर अध्यक्ष और प्रशिक्षक की भूमिका में थे।

श्री सुनील अग्रवाल, डायरेक्टर, श्री एस.बी. शर्मा, सी.जी.एम., श्री दिलीप मेहरा, सी.जी.एम. और श्री एन.बी. सिंह, जी.एम. क्वालिटी ने क्वालिटी विभाग के साथ अपने अमूल्य अनुभव बाँटे। विभाग में कुछ प्रभावी उपाय बताने और सुनने के लिये उन्होने दो तरफा बातचीत को प्रोत्साहित किया। कर्मचारियों को अच्छे प्रदर्शन के लिये उत्साहित करते हुये श्री अग्रवाल ने कहा कि "यह हमारे उत्पादों की उच्च गुणवत्ता ही है जो हमारे भारतीय उपभोक्ता सदैव कामधेनु इस्पात लिमिटेड की प्रशंसा करते हैं। हम लोग हमेशा ही उपभोक्ताओं को अच्छे से अच्छे उत्पाद देने के लिये प्रयासरत रहते हैं। हमारे सभी कर्मचारियों ने कम्पनी के इस उद्देश्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम लोगों को भविष्य में भी आपके अथक प्रयास की आवश्यकता रहेगी।"

श्री एन.बी. सिंह और श्री योगेश वर्मा ने रोलिंग मिल्स की अत्याधुनिक तकनीक और उस से जुड़े तथ्यों की जानकारी सभी कर्मचारियों को दी। उन्होंने कुछ सामान्य समस्याओं से भी कर्मचारियों को अवगत कराया जिससे वह रोजाना दो–चार होते हैं। कर्मचारियों ने अधिवेशन में महत्वपूर्ण ज्ञान अर्जित किया जो यकीनन उन्हें निकट भविष्य में कार्य करने में मदद करेगा।

इस अधिवेशन का अन्त इस निष्कर्ष से हुआ कि सभी क्वालिटी विभाग के कर्मचारी, प्रोडक्शन विभाग में अत्याधुनिक प्रशिक्षण के लिये जब भी जरूरत होगी, भेजे जाऐंगे। इस माध्यम से सभी लोग रोलिंग मिल्स में उपलब्ध तकनीक से और अधिक दक्ष हो जायेंगे। इ

बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री बहादुर सिंह सैनी
**थावर स्टील ट्रेडर्स**
सरकुलर रोड़, जी.पी.ओ. के समीप
रेवाड़ी (हरियाणा)
फोन: 9416064269
01274–253269

श्री वी. शिवा प्रसाद
**मैसर्स वाडलापुटी आयरन एण्ड स्टील ट्रेडर्स**
17/176, मण्डी बाज़ार
काडापा– 516001
फोन: 9440280344

**मैसर्स शर्मा हार्डवेयर स्टोर**
रामपुर बुशहर, जिला– शिमला
हिमाचल प्रदेश

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com